SU

NAME	PLACE	DATE	PAGE
Deshbandhu	New Delhi	May 14, 2019	14

एशियाई बिजनेस व सोशल फोरम में सम्मानित हुई सानिया

नई दिल्ली, 13 मई (एजेंसियां)। अपने शानदार करियर में छह ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने वाली भारत की अग्रणी महिला टेनिस खिलाड़ी सानिया मिर्जा को इस खेल में उनके शानदार योगदान देने वाले प्रमुख एशियाई के तौर पर दुबई में आयोजित एशियन बिजनेस व सोशल फोरम के 11वें संस्करण में सम्मानित किया गया। सानिया के अलावा मंदिरा बेदी और मॉडल तथा अभिनेत्री सेलिना जेटली को भी सम्मानित किया गया। इसके अलावा भारत से अडानी रियल्टी, रेवा यूनिवर्सिटी, रुबन मैमोरियल हॉस्पिटल एवं अपोलो लॉजीसॉलूशन्स लिमिटेड तथा राजा कंवर को दुनिया के सबसे बड़े ब्रांड एवं लीडर्स के रूप में सम्मानित किया गया। सानिया ने भारत के लिए तीन युगल और तीन मिश्रित युगल ग्रैंड स्लैम खिताब जीते हैं। वह एशियाई खेलों, राष्ट्रमंडल खेलों और ओलम्पिक में देश का प्रतिनिधित्व कर चुकी हैं। सानिया 2007 में वर्ल्ड रैंकिग में 27वें नम्बर पर पहुंची थीं, जो उनका सर्वोच्च व्यक्तिगत ग्राफ है। इस समिट में एक्सक्लुसिव तौर पर 11 'एशिया वन पर्सन ऑफ द ईयर' को उद्योग व समाज में उनके खास कार्य के लिए सम्मानित किया गया। यह 16 उद्योगों की समिट थी और इसमें 120 से ज्यादा ब्रांड एवं लीडर अवार्ड विजेताओं को सम्मानित किया गया। इसमें यूएई, बांग्लादेश, कांगो, थाईलैंड, अफगानिस्तार आदि देशों से 350 से ज्यादा लोग मौजूद थे। एशिया वन एवं यूआरएस मीडिया के ग्लोबल हेड, रजत शुकल ने कहा कि नेशन इंडिया सीरीज बिजनेस समिट का अगला गौरव, एशियन बिजनेस एवं सोशल फोरम का 12 वां संस्करण और इंडियाज ग्रेटेस्ट ब्रांड्स एण्ड लीडर्स 2018-19 का चैथा संस्करण 26 अगस्त, 2019 को मुंबई में आयोजित होगा और भारत एवं अन्य देशों में ब्रांड व लीडर के अतुलनीय प्रमोशन करेगा।